e-mail:-astha.itawa@gmail.com

कार्यालय प्राचार्य

Ph.: 98284-66262, 94131-28104

# आस्था महाविद्यालय, इटावा

पीपल्दा रोड़, इटावा, जिला–कोटा (राज.)

क्रमांकः–

दिनांक: 19 जनवरी 2026

## सूचना

महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सांस्कृतिक क्लब के तत्वावधान में दिनांक 23 जनवरी 2026 को महाविद्यालय परिसर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर विद्या एवं ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा काव्य पाठ आदि गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जागरूकता एवं श्रद्धा विकसित करना है।

सभी छात्र-छात्राओं से निवेदन है कि वे उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

**कार्यक्रम विवरण:**

- स्थान: महाविद्यालय परिसर
- दिनांक: 23 जनवरी 2026
- अवधि: एक दिवस

Principal
Astha Mahavidhyalaya
Itawa Kota (Raj.)

आदेशानुसार

डॉ. कमलेश दायमा
प्राचार्य
आस्था महाविद्यालय, इटावा

# बसंत पंचमी महोत्सव

दिनांक: 23 जनवरी 2026

आस्था महाविद्यालय में सांस्कृतिक क्लब के तत्वावधान में दिनांक 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर एक दिवसीय महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिक मूल्यों तथा ज्ञान के प्रति श्रद्धा की भावना विकसित करना था। महाविद्यालय परिसर को पीले पुष्पों और सजावटी सामग्री से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः उत्सवमय रहा।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्या, बुद्धि और विवेक की देवी माँ सरस्वती सभी के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करें। उन्होंने ऋतुराज बसंत के आगमन का स्वागत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने तथा नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का सकारात्मक उपयोग ज्ञानार्जन और राष्ट्र निर्माण में करें।

कार्यक्रम की सांस्कृतिक श्रृंखला का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। बालिका योगिता सलवाडिया द्वारा माँ सरस्वती की महिमा का बखान करते हुए भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति दी गई। उनकी मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम में आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा का वातावरण निर्मित किया। उपस्थित अतिथियों ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ, भक्ति गीत एवं लघु सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिनमें भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। संकाय सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

समापन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। पूरा आयोजन अनुशासित, गरिमामय और प्रेरणादायक रहा।

इस महोत्सव से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति श्रद्धा बढ़ी। ज्ञान और शिक्षा के महत्व के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को मंच मिला। परिसर में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का वातावरण सुदृढ़ हुआ।



दैनिक भास्कर सांगोद-इटावा-सुल्तानपुर 24-01-2026

प्राचार्य डॉक्टर दायमा ने कहा कि हमें लोकतांत्रिक परम्परा की महिमा ... शर्मा, ममता साम्रिया, शिवराज सिंह व संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

**महाविद्यालय में मनाया बसंत पंचमी का पर्व**

इटावा| आस्था महाविद्यालय इटावा व आस्था टीचर ट्रेनिंग कॉलेज इटावा में बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर कमलेश दायमा व डॉक्टर कंचन भोला द्वारा पंडित सत्यनारायण गौतम द्वारा दीप प्रज्वलित व सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर करवाया गया।

प्राचार्य डॉक्टर दायमा ने कहा कि विद्या, बुद्धि और विवेक की देवी मां सरस्वती आप सभी के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करे। डॉक्टर भोला ने कहा कि ऋतुराज बसंत के आगमन और ज्ञान एवं विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना के पावन पर्व बसंत पंचमी है। बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना कर सरस्वती की महिमा का बखान किया। बालिका योगिता सलवाडिया ने सरस्वती की महिमा का नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। संचालन हिंदी के सहायक आचार्य श्याम बिहारी नायक ने किया। डॉक्टर मोहम्मद उस्मान, डॉक्टर सुरेशचंद मालव, डॉक्टर पूरणमल सुमन, अंगराज सुमन, हरिओम आर्य, गिरिराज सुमन, हेमराज बैरवा, बुद्धिप्रकाश मीणा, मीठालाल मीना, सुरेंद्र नागर, सुरेश सुमन एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

1विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना और दीप प्रज्वलन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पर्व।



बसंत पंचमी के पावन पर्व पर माँ सरस्वती की महिमा में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं महाविद्यालय की छात्राएं




विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना और दीप प्रज्वलन कर हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी उत्सव मनाता महाविद्यालय परिवार

(24)

# ASTHA MAHAVIDHYALAYA, ITAWA

PIPALDA ROAD, ITAWA, KOTA (RAJ.) 325004
**Affiliated to Kota University, Kota)**

NAME OF THE PROGRAM: - BASANT PANCHAMI

**ATTENDANCE LIST**

**Date:** 20 JAN 2026

| Sr.no. | Name of Students | Class | Signature |
|---|---|---|---|
| 1 | Ravindra gochar | B.A BEd Sem I | Ravindra |
| 2 | Akshay meena | B.A. I st | अक्षय मीणा |
| 3 | Sonu meena | B.A I st | sonu meena |
| 4 | Vishal Kumar Bairwa | B.A I sem | विशाल बैरवा |
| 5. | kapil kumar suman | B.A I st sem. | kapil suman. |
| 6. | Indra prakash | BA - Bed Vth sem | [illegible] |
| 7. | Anurag Nagar | B.A - BEd I st sem | अनुराग नागर |
| 8. | Anil Bairwa | B.A. sem I | Anil |
| 9. | Praveen | B.A. sem I | praveen |
| 10 | Harshit Sain | B. A Bed Sem I | Harshit |
| 11 | सुरज नायक | B.A Sem I | सुरज |
| 12 | घनश्याम नागर | B. A sem I | घनश्याम |
| 13 | Devi Suman | B.A. Sem I | [illegible] |
| 14 | Aayush suman | B.A Sem I | आयुष सुमन |
| 15 | Vikash meena | B.A sem I | Vikash |
| 16 | SiyaRam Bairwa | B. A. sem I | सियाराम बैरवा |
| 17 | Kismat meena | B.A sem I | Kismat meena |
| 18 | Mona Bairwa | B.A sem I | mona Bairwa |
| 19 | Radhika kumari | B.A B.ed. Sem I | Radhika kumari |
| 20 | Aarti meena | B.A Sem I | Aarti meena |
| 21 | Muskan meena | B.A Sem I | Muskan meena |
| 22 | विरेन्द्र सिंह | B.A Sem I st | विरेन्द्र सिंह |
| 23 | आकांक्षा हेरवाल | B .A.B.Ed I st | आकांक्षा हेरवाल |
| 24 | Kumkum Gocher | B.A B.Ed sem I st | Kumkum Gocher |
| 25 | Anisha Suman | B.A. Sem III rd | Anisha |
| 26 | Bharti Arya | B.A. Sem III | भारती आर्य |
| 27 | Tanu nagar | B.A. B.ed I Sem | Tanu nagar |

Principal
Astha Mahavidhyalaya
Itawa Kota (Raj.)

# ASTHA MAHAVIDHYALAYA, ITAWA

PIPALDA ROAD, ITAWA, KOTA (RAJ.) 325004

Affiliated to Kota University, Kota)

NAME OF THE PROGRAM: - BASANT PANCHAMI

ATTENDANCE LIST

Date: 23-JAN-2026

| Sr.no. | Name of Students | Class | Signature |
|---|---|---|---|
| 28 | मनीष कुमार प्रजापत | B.A B.ed III Sem | Manish |
| 29 | आयुष नागर | B.A.B.ed III Sem | Ayush Nagar |
| 30. | विशाल आर्य | B.A III Sem | Vishal Arya |
| 31. | चेतन पारेता | B.A III Sem | chetan pareta |
| 32 | निखिल कुमार मीणा | B.A. Bed III Sem | निखिल |
| 33. | Divyansh Meena | B.A III rd Sem | Divyansh |
| 34. | हिमांशु मीणा | B.A.B.ed III rd sem | [illegible] |
| 35. | Aaryan chouhan | B.A B.Ed III Sem | [illegible] |
| 36. | Ashutosh Singer | B.A.B.ed III Sem | S...S |
| 37. | lokendra Singh | B.A. III Sem | Lokendra |
| 38. | Deepak Arya | B.A. III Sem | Deepak |
| 39 | Neha Suman | B.A III Sem | Neha |
| 40 | Sulochana meena | B.A III Sem | Sulochana |
| 41 | Dimpal kumari | B.A. III sem | Dimpal kumari |
| 42 | Bharti Arya | B.A. III. Sem. | भारती आर्य |
| 43 | Nikita Nagar | B.A. III Sem | निकिता नागर |
| 44 | Priti kumari Meena | B.A. III Sem | प्रीति मीणा |
| 45 | Shivam Malav | B.A. BAD- SEM III | शिवम मालव |
| 46. | Sakshi Malav | B.A.B.Ed. V Sem | Sakshi Malav |
| 47 | किरण मीणा | B.A.B.Ed V SEM | किरण मीणा |
| 48. | रितिका धाकड़ | B.A.B.Ed V Sem | रितिका धाकड़ |
| 49. | शिवानी प्रजापति | B.A BEd V Sem | शिवानी प्रजापति |
| 50. | इन्द्रप्रकाश | B.A Bed V th sem | इन्द्रप्रकाश |
| 51 | धीरज मीणा | B.A. B.ed V th sem | Dhiraj Meena |
| 52 | बुद्धिप्रकाश बैरवा | B.A.-B.ed V th sem | Buddhiprakash |
| 53 | सुमित मीणा | B.A. B Ed sem I | Sumit |
| | | | |

Principal

Astha Mahavidhyalaya

Itawa Kota (Raj.)